**दिनांक 15.01.2026 को मुख्य अभियंता(पटना), भवन निर्माण विभाग, पटना की अध्यक्षता में CONSTRUCTION OF PANCHAYAT SARKAR BHAWAN AT OAP, GAMHAR & AUNGARI PANCHYAT UNDER EKANGARSARAI BLOCK IN DIST:- NALANDA FOR THE YEAR 2024-25 कार्य के तकनीकी बीड पर विचार करने हेतु तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही:-**

उपस्थिति:-

(i) **श्री ब्रजेश कुमार,** - **अध्यक्ष**
मुख्य अभियंता(पटना),
भवन निर्माण विभाग, पटना।

(ii) **श्री सुभाष कुमार,** - **सदस्य**
अधीक्षण अभियंता,
पटना भवन अंचल, पटना।

(iii) **श्री शोभनाथ कुमार,** - **सदस्य**
कार्यपालक अभियंता,
नालंदा भवन प्रमंडल, बिहारशरीफ।

कार्यवाही:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | योजना का नाम | - | **CONSTRUCTION OF PANCHAYAT SARKAR BHAWAN AT OAP, GAMHAR & AUNGARI PANCHYAT UNDER EKANGARSARAI BLOCK IN DIST:- NALANDA FOR THE YEAR 2024-25** |
| 2. | योजना की समेकित प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | - | ₹250.23129 लाख (पंचायती राज विभाग का ज्ञापांक 1291 दिनांक 08.02.2024) **₹2,50,23,129.00 X 3 = ₹7,50,69,387.00** |
| 3. | योजना की समेकित तकनीकी स्वीकृति की राशि | - | ₹7,57,78,926.00 (मुख्य अभियंता(पटना) का पत्रांक-23(प0)अनु0 दिनांक-03.01.2025, मुख्य अभियंता(विद्युत) का ज्ञापांक 379(वि0) दि-26.04.2024) |
| 4. | विषयांकित कार्य हेतु परिमाण विपत्र की राशि | - | ₹7,52,30,556.00 |
| 5. | निविदा आमंत्रण की तिथि | - | 17.11.2025 |
| 6. | Tender ID | - | 118962 |
| 7. | निविदा प्राप्त (डाउनलोड) करने की प्रारंभ तिथि | - | 03.12.2025 |
| 8. | निविदा जमा (अपलोड) करने की अंतिम तिथि | - | 30.12.2025 |
| 9. | कार्य समाप्ति की अवधि | - | 12(बारह) माह |
| 10. | प्री-बीड बैठक की तिथि समय एवं स्थान | - | दिनांक 13.12.2025 को अधीक्षण अभियंता, पटना भवन अंचल, पटना एवं दिनांक 19.12.2025 को मुख्य अभियंता (पटना) के कार्यालय कक्ष में। |
| 11. | निविदा में भाग लेनेवाले निविदाकार का नाम एवं पता | - | **(i)** KRISHNAPALI CONSTRUCTION PVT LTD, C/O Satya Deo Singh, PO-Khagaul, PS-Rupaspura, Chanakyapuram, Chulhaichak, Danapur, Patna<br>**(ii)** S K ENTERPRISES, Tari Mohalla Collath Market, Arrah Bhojpur, Bihar-802301<br>**(iii)** ALOK CONSTRUCTION, S K Puri Colony, Mohanpur, Nalanda, Bihar-803111<br>**(iv)** TARNI CONSTRUCTION PRIVATE LIMITED, Vill:Deodha, Post: Mahanandpur, PS: Deepnagar Biharsharif Nalanda-803101 |

12. तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही:-

विषयांकित कार्य की पहली निविदा में दिनांक 28.07.2025 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में सर्वसम्मति से आमंत्रित निविदा की वैधता (120 दिन) दिनांक 11.06.2025 को समाप्त हो जाने तथा कोई भी निविदाकार के निविदा की वैधता बढ़ाने पर सहमति व्यक्त ना करने के कारण आमंत्रित निविदा को रद्द कर शीघ्रताशीघ्र पुनर्निविदा किये जाने का निर्णय लिया गया।

**विषयांकित कार्य की द्वितीय निविदा की कार्यवाहीः-**

द्वितीय आमंत्रित निविदा में एकमात्र निविदाकार के तकनीकी बीड में असफल हो जाने के कारण आमंत्रित निविदा को रद्द कर शीघ्रताशीघ्र पुनर्निविदा किये जाने का निर्णय लिया गया।

**वर्तमान में आमंत्रित निविदा की कार्यवाहीः-**

विषयांकित कार्य की यह तृतीय निविदा है। विषयांकित कार्य की निविदा में उपरोक्त चार निविदाकारों द्वारा भाग लिया गया है। चारों निविदाकार के तकनीकी बीड के अभिलेखों को अधीक्षण अभियंता, पटना भवन अंचल, पटना के पत्रांक 20 अनु0 दिनांक 06.01.2026 द्वारा मूल्यांकन हेतु भेजा गया है। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा चारों निविदाकार के तकनीकी बीड के अभिलेखों का तकनीकी मूल्यांकन ई-टेन्डर मॉड्यूल में अपलोडेड Bidding Document के आधार पर इस शर्त के साथ की गयी कि निविदाकार द्वारा समर्पित किये गये कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र को जाँच/सत्यापन में उनका कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र यदि जाँच/सत्यापन में फर्जी/जाली पाया जाता है, तो संबंधित निविदाकार पर बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली, 2007 के तहत कार्रवाई की जायेगी। तकनीकी बीड के अभिलेखों के मूल्यांकनोपरांत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति ने पाया गया किः-

**निविदाकार** **KRISHNAPALI CONSTRUCTION PVT LTD, C/O Satya Deo Singh, PO-Khagaul, PS-Rupaspura, Chanakyapuram, Chulhaichak, Danapur, Patna** द्वारा एस0बी0डी0 की कंडिका-**4.5A(c)** के अंतर्गत Quantity Executed in any one year – Electrical Work Rs. 21,23,365.50 के विरूद्ध प्रभाकर कुमार सिंह से Sublet का शपथ पत्र तथा उनका विद्युत लाईसेंस संलग्न किया गया है, परन्तु Sub-contractor का अनुभव प्रमाण-पत्र संलग्न नही किया गया है। अतः इन्हें तकनीकी बीड में **"नन-रिस्पॉन्सिव"** पाया गया।

**निविदाकार** **S K ENTERPRISES, Tari Mohalla Collath Market, Arrah Bhojpur, Bihar-802301** द्वारा विषयांकित कार्य हेतु आमंत्रित ई-निविदा के तहत मांगे गये सभी अभिलेखों को समर्पित किया गया है। अतः उक्त निविदाकार को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति ने तकनीकी बीड मूल्यांकन में **"रिस्पॉन्सिव"** पाया।

**निविदाकार** **ALOK CONSTRUCTION, S K Puri Colony, Mohanpur, Nalanda, Bihar-803111** द्वारा एस0बी0डी0 की कंडिका-**4.5A(c)** के अंतर्गत Quantity Executed in any one year – Electrical Work Rs. 21,23,365.50 के विरूद्ध संजीव कुमार से Sublet का शपथ पत्र तथा उनका विद्युत लाईसेंस संलग्न किया गया है, परन्तु Sub-contractor का अनुभव प्रमाण-पत्र संलग्न नहीं किया गया है। साथ ही एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(c) के तहत मांगे गये Brick Work-799.62 CUM के विरूद्ध केवल 694.49 CUM का अनुभव प्रमाण-पत्र संलग्न पाया गया, जो न्यूनतम अर्हता को पूर्ण नहीं करता है। अतः इन्हें तकनीकी बीड में **"नन-रिस्पॉन्सिव"** पाया गया।

**निविदाकार** **TARNI CONSTRUCTION PRIVATE LIMITED, Vill:Deodha, Post: Mahanandpur, PS: Deepnagar Biharsharif Nalanda-803101** द्वारा विषयांकित कार्य हेतु आमंत्रित ई-निविदा के तहत मांगे गये सभी अभिलेखों को समर्पित किया गया है। अतः उक्त निविदाकार को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति ने तकनीकी बीड मूल्यांकन में **"रिस्पॉन्सिव"** पाया।

13. <u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की निर्णयः</u>-

सम्यक् विचारोपरान्त तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से निविदाकारः-

(i) **KRISHNAPALI CONSTRUCTION PVT LTD, C/O Satya Deo Singh, PO-Khagaul, PS-Rupaspura, Chanakyapuram, Chulhaichak, Danapur, Patna**

(ii) **ALOK CONSTRUCTION, S K Puri Colony, Mohanpur, Nalanda, Bihar-803111**

को तकनीकी बीड मूल्यांकन में **<u>''नन-रिस्पॉन्सिव''</u>** पाये जाने उपरान्त असफल तथा निविदाकारः-

(i) **S K ENTERPRISES, Tari Mohalla Collath Market, Arrah Bhojpur, Bihar-802301**

(ii) **TARNI CONSTRUCTION PRIVATE LIMITED, Vill:Deodha, Post: Mahanandpur, PS: Deepnagar Biharsharif Nalanda-803101**

को तकनीकी बीड मूल्यांकन में **<u>''रिस्पॉन्सिव''</u>** पाये जाने उपरान्त सफल करने का निर्णय लिया गया। तकनीकी मूल्यांकन पर आपत्ति/परिवाद दर्ज करने हेतु दिनांक 22.01.2026 को 10.00 बजे पूर्वाह्न तक विभागीय वेबसाईट पर रखने का निर्णय लिया गया। यदि निविदा से संबंधित किसी प्रकार की आपत्ति/परिवाद मुख्य अभियंता(पटना) के कार्यालय में अथवा ईमेल (cepatna.bcd@gmail.com) पर प्राप्त होती है तो मुख्य अभियंता(पटना) तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत करेंगे एवं पुनः विचार/अंतिम निर्णय हेतु अगली विभागीय निविदा समिति के समक्ष अनुशंसा के साथ प्रस्तुत करेंगे। यदि निर्धारित तिथि एवं समय तक किसी प्रकार की आपत्ति/परिवाद प्राप्त नही होता है, तो मुख्य अभियंता(पटना) आमंत्रित निविदा के तकनीकी बीड मूल्यांकन में **<u>''रिस्पॉन्सिव''</u>** निविदाकारों का वित्तीय बीड खोलकर अग्रेत्तर कार्रवाई करेंगे।

इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड की जाय।

अंत में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

| | | |
|---|---|---|
| (हस्ताक्षर) 15/01/26 | (हस्ताक्षर) 15.1.26 | (हस्ताक्षर) 15/1/2026 |
| **(शोभनाथ कुमार)** | **(सुभाष कुमार)** | **(ब्रजेश कुमार)** |
| कार्यपालक अभियंता, | अधीक्षण अभियंता, | मुख्य अभियंता(पटना), |
| नालंदा भवन प्रमंडल, बिहारशरीफ | पटना भवन अंचल, पटना | भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना। |

ज्ञापांक-भवन/मु0अभि0(प0)यो0परि0वि0-2-59/2024-176(प)/पटना, दिनांक-15/01/26

प्रतिलिपि-आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, पटना को विभागीय बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

(हस्ताक्षर) 15/1/2026

(ब्रजेश कुमार)

मुख्य अभियंता(पटना),

भवन निर्माण विभाग, पटना।